उत्तर मध्य रेलवे

कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# प्रयागराज मंडल के विद्युत / परि. विभाग में वरि. मंडल विद्युत इंजी./परिचालन, उमरे प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत जेनिटर ,केयरटेकर रनिंग रूम बियरर कैटेगरी के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र. / उ.म.रे. / का.अ. / 24 / 20–21


मार्गदर्शन एवं निर्देशन

श्री नवीन कुमार सिन्हा

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे

उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

सहयोग

श्री संतोष बाजपेयी

कार्य अध्ययन अधिकारी

सम्पादित

मनदीप कुमार

वरिष्ठ कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका



| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | अध्याय– प्रथम<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | अध्याय– द्वितीय<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | अध्याय–तृतीय<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | प्रयागराज मंडल के विद्युत विभाग में वरि. मंडल इंजी. /परिचालन,उमरे प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत जेनिटर ,केयरटेकर एवं रनिंग रूम बियरर कैटेगरी के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप– सी (जनीटर जी.पी.–2400 , केयर टेकर जी.पी.1900) एवं ग्रुप–डी (रनिंग रुम वियरर जी.पी.1800) |
| 3. | विभाग का नाम | विधुत विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन्न वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 11.01.2021 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 09.02.2021 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 21 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 13 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 09 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs 30,17,196/-<br><br>(तीस लाख सत्रह हज़ार एक सौ छानबे मात्र) |

7/4-7

## आभार.

कार्याध्ययन दल रेलवे अस्पताल, श्री राम सूरत सिंह, वरि. मंडल विद्युत इंजी./परिचालन, उमरे, प्रयागराज मंडल का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधिक्षक, प्रयागराज मंडल का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल के विद्युत/परि. विभाग में विभिन्न संवर्ग कार्यरत, जेनिटर संवर्ग के लिये कुल 03 पद, केयरटेकर के 04 एवं रनिंग रूम बियरर संवर्ग 14 पद स्वीकृत है। इन तीनो संवर्गो में क्रमश 01, 03 एवं 09 को मिलाकर कुल 13 कर्मचारी आनरोल कार्यरत हैं। वर्तमान में सभी ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी संवर्गो में क्रमशः 02, 01, एवं 05 को मिलाकर कुल 08 पद रिक्त चल रहे है। वर्तमान में 08 पद रिक्त चलने के बावजूद भी वर्तमान मे उपलब्ध कर्मचारियों के द्वारा प्रशासन के द्वारा निर्धारित कार्यो को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा रहा है।

अतः कार्य अध्ययन दल, विद्युत/परि. विभाग में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी संवर्ग के, जेनिटर संवर्ग के 03 ,केयरटेकर संवर्ग के 01 एवं रनिंगरूम बियरर संवर्ग के 05 पदों को मिलकार कुल 09 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल बचत रु0 30,17,196/- (तीस लाख सत्रह हज़ार एक सौ छानबे मात्र) होगी।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में रख–रखाव से संबंधित अधिकाधिक कार्य अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

प्रयागराज मंडल के विद्युत/परि. विभाग में विभिन्न ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी संवर्ग के, जेनिटर ,केयरटेकर एवं रनिंगरूम बियरर को मिलाकर कुल 21 पद स्वीकृत है। जिसमें से 13 कर्मचारी आनरोल कार्यरत हैं। वर्तमान में इन सभी संवर्गो में कमशः 02, 01, एवं 05 को मिलाकर कुल 08 पद रिक्त चल रहे है। वर्तमान में 08 पद रिक्त चलने के बावजूद भी वर्तमान मे उपलब्ध कर्मचारियों के द्वारा प्रशासन के द्वारा निर्धारित कार्यो को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा रहा है। अतः कार्य अध्ययन दल के द्वारा विद्युत/परि. विभाग में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी संवर्ग के, जेनिटर संवर्ग के 03 ,केयरटेकर संवर्ग के 01 एवं रनिंगरूम बियरर संवर्ग के 05 पदों को मिलकार कुल 09 पदों को अभ्यर्पित करना उचित रहेगा। इस प्रकार कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "प्रयागराज मंडल के विधुत विभाग में वरि. मंडल विधुत इंजी./परिचालन, उमरे प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत जेनिटर ,केयरटेकर एवं रनिंगरूम बियरर कैटेगरी के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन वरि. मंडल विधुत इंजी./परिचालन,उमरे प्रयागराज मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

## अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2. **कर्मचारी संख्याः–** प्रयागराज मंडल के विधुत विभाग में वरि. मंडल विधुत इंजी. /परिचालन, उमरे, प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत जेनिटर ,केयरटेकर एवं रनिंगरूम बियरर कैटेगरी के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

**इलाहाबाद मंडल/परिचालन शाखा**

| क. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जेनिटर | 5200-20200 GP-2400 (Level-IV) | 03 | 01 | 02 |
| 2. | केयरटेकर | 5200-20200 GP-1900 (Level-II) | 04 | 03 | 01 |
| 3. | रनिंगरूम बियरर | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 14 | 09 | 05 |

2.1.**कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि प्रयागराज मण्डल के विधुत विभाग में वरि. मंडल विद्युत इंजी./परिचालन, उमरे, प्रयागराज के अधीन ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी विभिन्न संवर्गो में कार्यरत जेनिटर कैटेगरी GP-2400 के 03, केयरटेकर कैटेगरी GP-1900 के 04 एवं रनिंगरूम बियरर कैटेगरी GP-1800 के 14 पद स्वीकृत हैं। इनमें जेनिटर कैटेगरी GP-2400 के पद पर 01 केयरटेकर कैटेगरी GP-1900 के पद पर 03 एवं रनिंगरूम बियरर कैटेगरी GP-1800 के पद पर 09 कर्मचारी कार्यरत है। इस प्रकार से इन तीनो संवर्गो को मिलाकर कैटेगरी में प्रयागराज मंडल के (कुल=08 पद) रिक्त चल रहे हैं। यह संवर्ग विद्युत/परि. प्रयागराज मंडल के नियंत्रण में है। इन रिक्त पदो में से जेनिटर के 03, केयरटेकर के 01 एवं रनिंगरूम बियरर संवर्ग के 05 पदों को मिलाकार कुल 09 पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

## अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

3.0 इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद(रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेनिटर | 5200-20200 GP-2400 (Level-IV) | 03 | 34,398/– | 1,03,194/– | 12,38,328/– |
| 2 | केयरटेकर | 5200-20200 GP-1900 (Level-II) | 01 | 26,851.5/– | 26,851.5/– | 3,22,218/– |
| 3 | रनिंगरूम बियरर | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 05 | 24,277.5/– | 1,21,387.5 /– | 14,56,650/– |
| | | | | कुल | | 30,17,196/– |
| | | | (तीस लाख सत्रह हज़ार एक सौ छानबे मात्र) | | | |

3.1 संस्तुतिः–

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रयागराज मंडल के विधुत विभाग में वरि. मंडल इंजी. /परिचालन,उमरे प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत जेनिटर ,केयरटेकर रनिंग रूम बियरर कैटेगरी को मिलाकर कुल 21 पद स्वीकृत हैं। विद्युत/परि. विभाग प्रयागराज मंडल में अनेक संवर्गो को मिलाकर आनरोल 13 कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान में जेनीटर से सम्बन्धित कार्यो का निष्पादन अन्य के माध्यम से सम्पन्न कराये जा रहे है। चूँकि अब वर्तमान विद्युत/परि. प्रयागराज मंडल आनरोल कर्मचारियों के माध्यम से कार्यो को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जा रहे है।

अतः कार्य अध्ययन दल प्रयागराज मण्डल के विद्युत/परि. विभाग के अधीन ग्रुप–सी एवं ग्रुप–डी श्रेणी के विभिन्न संवर्गो, जेनिटर के 03 पद, केयरटेकर के 01 पद एवं रनिंगरूम बियरर संवर्ग के 05 पदों को मिलाकार कुल 09 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।